बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-186
08/05/2022

होमियोपैथी के विशेषज्ञ डॉ0 बी0 भट्टाचार्य के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 08 मई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने होमियोपैथी के विशेषज्ञ डॉ0 बी0 भट्टाचार्य के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ0 बी0 भट्टाचार्य होमियोपैथी के प्रसिद्ध डॉक्टर थे। वे सरल स्वभाव के थे, मरीजों के साथ उनका आत्मीय संबंध रहता था। उन्हें होमियोपैथी चिकित्सा का चरक भी माना जाता था। उनके निधन से चिकित्सा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******